दैनिक जागरण 10/12/24

# बाल विवाह एक सामाजिक बुराई : डा. रोहित दत्त

जासं • अंबाला : जीएमएन कालेज के विद्यार्थियों ने बाल विवाह उन्मूलन के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है और इसको दूर करने में युवा वर्ग महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। नाटक को निर्देशित करवाने में सांस्कृतिक विभाग के संयोजक डा. राजेन्द्र देशवाल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यार्थियों ने बहुत ही उत्साह के साथ रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डे छावनी में प्रस्तुति देकर लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह की प्रथा को एक अभिशाप बताते हुए कोढ़ रूपी इस प्रथा को जड़ से मिटाने के लिए सभी युवाओं को खुलकर इसका विरोध करने की अपील की और यह बताने का प्रयास किया गया कि बाल विवाह के उन्मूलन हेतु सामाजिक सहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है।